Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding insurance policy related to grapes growers.

डॉ. भारती प्रवीण पवार (दिन्डोरी): धन्यवाद स्पीकर सर । मेरे दिन्डोरी संसदीय क्षेत्र में करीब अस्सी हजार हेक्टेयर से भी ज्यादा खेती अंगूर की होती है । अंगूर की खेती करने में किसानों को लाखों का खर्चा उठाना पड़ता है । लगभग 5 से 6 लाख मजदूर भी इसमें काम करते हैं, लेकिन जब भी कोई प्राकृतिक आपदा आती है और अंगूर की फसल खराब होती है तो किसानों को इंश्योरेंस के माध्यम से मदद मिलती है । बीमा का प्रीमियम भरने का टाइम हर साल 30 सितम्बर से लेकर 15 अक्टूबर तक का रहा है, लेकिन इस साल वह डिले हुआ । वह 31 अक्टूबर से 7 नवम्बर तक डिले हुआ, जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है । साथ ही साथ वेदर स्टेशन के रिकॉर्ड से यह देखा जाता है कि कितना नुकसान हुआ है, लेकिन हर जगह वेदर स्टेशन नहीं है । काफी जगह वेदर स्टेशन से दूर के क्षेत्रों का रिकॉर्ड सही मायनों में दर्ज नहीं होता है । इसलिए बीमा कंपनी द्वारा अंगूर के खेत में जाकर वहां पर इंस्पेक्शन करना चाहिए ताकि जो नुकसान हुआ है, वह सही मायनों दर्ज हो सके ।

महोदय, इसके साथ ही अर्ली स्टेज में जो अंगूर आते हैं, उनको भी कवरेज दी जाए । कम्प्लेन करने के लिए जो टॉल फ्री नंबर दिया गया है, उस पर संपर्क नहीं होता है । उस पर भी ठीक तरह से मदद मिलनी चाहिए । आपके माध्यम से यह अनुरोध है कि मेरे नासिक जिले में इस साल अतिवृष्टि के कारण काफी मात्रा में अंगूर की खेती को जो बहुत बड़ा नुकसान पहुंचा है, उसके लिए जल्द ही पूरी तरह से मदद मिले, धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष : श्री के. सुरेश ।

SHRI KODIKUNNIL SURESH (MAVELIKKARA): Thank you, Hon. Speaker, Sir.

माननीय अध्यक्ष : आपकी सीट स्क्रीन पर वेकेंट बता रही है और राहुल गांधी जी आज छुट्टी पर हैं, इसलिए आप अपनी सीट पर चले जाएं ।

SHRI KODIKUNNIL SURESH: Sir, I am raising a very very serious and important issue.

माननीय अध्यक्ष : आज उनका प्रश्न काल में नाम था और मैं इंतजार कर रहा था कि वे आएं तो मैं उनको बोलने के लिए बुलाऊं ।